# शिक्षक वर्ग-3 पर्यावरण

YouTube चैनल
Tez Education

प्र. इनमें से कौन वर्तमान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष है?

(a) गिरिजा व्यास (b) रेखा शर्मा

(c) मालिनी भट्टाचार्य (d) यासमीन अबरार

उत्तर- (b) वर्तमान में रेखा शर्मा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष है रेखा शर्मा हरियाणा की रहने वाली है

प्र. लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक किसके द्वारा आहूत की जाती है?

(a) राष्ट्रपति (b) लोकसभा के अध्यक्ष

(c) संसद (d) राज्यसभा के सभापति

उत्तर- (a) राष्ट्रपति भारत का प्रथम नागरिक होता है राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की नियुक्ति करता है लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक राष्ट्रपति के द्वारा आहूत की जाती है

प्र. संविधान के किस भाग में पंचायती राज व्यवस्था संबंधी प्रावधान दिए गए हैं?

(a) IX (b) VI

(c) III (d) IV

उत्तर- (a) संविधान के भाग- IX अनुच्छेद 243 तथा अनुसूची- 11 में पंचायती राज व्यवस्था संबंधी प्रावधान दिए गए हैं

प्र. 74 वें संविधान संशोधन का संबंध है?

(a) ग्रामीण स्थानीय स्वशासन से (b) शहरी स्थानीय स्वशासन से

(c) राष्ट्रपति की शक्तियों से (d) संसद की शक्तियों से

उत्तर- (b) 74वें संविधान संशोधन का संबंध शहरी स्थानीय स्वशासन से है इस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा शहरी स्थानीय निकायों को संवैधानिक स्थिति एवं सुरक्षा प्रदान की गई है

प्र. किस गैस के वर्षा के पानी में घुलने से वर्षा का पानी अम्लीय हो जाता है?

(a) हाइड्रोजन परॉक्साइड (b) नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड

(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) सल्फर डाइऑक्साइड

उत्तर- (d) सल्फर डाइऑक्साइड गैस के वर्षा के पानी में घुलने से वर्षा का पानी अम्लीय हो जाता है ऐसी वर्षा अम्लीय वर्षा कहलाती है

प्र. भारतीय संविधान में विधि का शासन विचार कहां से लिया गया है?

(a) अमेरिका (b) इंग्लैंड

(c) स्विट्जरलैंड (d) आयरलैंड

उत्तर- (b) भारतीय संविधान में विधि का शासन विचार इंग्लैंड से लिया गया है

प्र. लोकसभा के चुनाव हेतु अधिसूचना कौन जारी करता है?

(a) भारत का निर्वाचन आयोग (b) राष्ट्रपति

(c) गृह मंत्रालय (d) लोकसभा सचिवालय

उत्तर- (a) लोकसभा के चुनाव हेतु अधिसूचना भारत का निर्वाचन आयोग जारी करता है भारत में निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी

प्र. लोकसभा की कार्यवाही के प्रथम घंटे को कहा जाता है?

(a) सार्वजनिक काल (b) विशेषाधिकार काल

(c) शून्य काल (d) प्रश्न काल

उत्तर- (d) लोकसभा की कार्यवाही के प्रथम घंटे को प्रश्न काल कहा जाता है संसद का पहला घंटा प्रश्न काल के लिए होता है

प्र. वर्षा जल संग्रहण क्या है?

(a) प्रयुक्त जल का संग्रह और भंडारण

(b) वर्षा जल का जमाव और भंडारण

(c) पानी का वितरण

(d) इनमें से कोई नहीं

YouTube Tez Education

उत्तर- (b) वर्षा जल का जमाव और भंडारण वर्षा जल संग्रहण कहलाता है धरती पर पानी का मुख्य स्रोत वर्ष का जल है

प्र. भारतीय गैंडे कहां संरक्षित हैं?

(a) कॉर्बेट नेशनल पार्क (b) काजीरंगा नेशनल पार्क

(c) बांदीपुर नेशनल पार्क (d) गिर नेशनल पार्क

उत्तर- (b) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम राज्य में स्थित है यह उद्यान एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है क्योंकि यह उद्यान एक सींग वाले गैंडे को संरक्षित करता है

प्र. निम्न में से कौन सा क्रम पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह के संबंध में सही है?

(a) उत्पादक- अपघटक- उपभोक्ता (b) अपघटक- उपभोक्ता- उत्पादक

(c) उत्पादक- उपभोक्ता- अपघटक (d) उपभोक्ता- उत्पादक- अपघटक

उत्तर- (c) पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह के संबंध में सही क्रम है- उत्पादक- उपभोक्ता- अपघटक

प्र. कौन सी ग्रीन हाउस गैस वातावरण में सबसे अधिक मात्रा में उपस्थित रहती है?

(a) प्रोपेन (b) एथेन

(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) मेथेन

उत्तर- (c) कार्बन डाइऑक्साइड गैस एक ग्रीनहाउस गैस है जो वातावरण में सबसे अधिक मात्रा में उपस्थित रहती है

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्र. किस वर्णक की उपस्थिति के कारण पौधे हरे होते हैं?

(a) कैरोटिनॉयड (b) लाइकोपिन

(c) एंथोसाइएनिन (d) क्लोरोफिल

उत्तर- (d) क्लोरोफिल वर्णक की उपस्थिति के कारण पौधे हरे होते हैं क्लोरोफिल वर्णक मुख्यत: हरित लवक नामक पादप कोशिकांग में पाया जाता है

प्र. मानवीय गतिविधियां जो पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार है?

(a) वनों का जलाना (b) कृषि क्रियाकलाप

(c) एयरोसोल कैन का उपयोग (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) वनों को जलाना, कृषि क्रियाकलाप, एयरोसोल कैन का उपयोग करना मानवीय गतिविधियां है जो पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार है

प्र. यूफॉर्बिएसी फैमिली की कौन सी फसल बायोडीजल उत्पन्न करने के लिए जानी जाती है?

Tez Education
सब्सक्राइब करें

(a) जैट्रोफा (b) कैडलनट ट्री

(c) कॉपर लीफ (d) सर्पगंधा

उत्तर- (a) जैट्रोफा यूफॉर्बिएसी फैमिली की फसल है जिसमें बायोडीजल उत्पन्न की जाती है इस पादप से प्राप्त होने वाले बीजों से 25-30% तक तेल निकाला जा सकता है

प्र. पीने के लिए सुरक्षित पानी को क्या कहते हैं?

(a) पीने योग्य पानी (b) आसुत जल

(c) ताजा जल (d) नल का पानी

उत्तर- (a) पीने के लिए सुरक्षित पानी को पीने योग्य पानी कहते हैं हमारी पृथ्वी पर 0.65% ही पीने योग्य पानी है

प्र. वर्ष 1984 की भोपाल गैस त्रासदी निम्न में से किस गैस के रिसाव के कारण हुई थी?

(a) मिथाइल आइसोसायनेट (b) नाइट्रस ऑक्साइड

(c) मेथेन (d) कार्बन मोनोऑक्साइड

उत्तर- (a) वर्ष 1984 की भोपाल गैस त्रासदी मिथाइल आइसोसायनेट गैस के रिसाव के कारण हुई थी यह एक हानिकारक गैस है जिसका उपयोग कार्बाइड कारखाने में कीटनाशक रसायन के निर्माण में किया जाता है

प्र. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 2 दिसंबर (b) 16 सितंबर

(c) 5 जून (d) 11 जुलाई

उत्तर- (c) विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है वर्ष 2018 में विश्व पर्यावरण दिवस का केंद्रीय विषय था- प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करो वर्ष 2018 विश्व पर्यावरण दिवस का मेजबान देश भारत था

YouTube
सब्सक्राइब करें

प्र. एम.एस. स्वामीनाथन एक-

(a) पत्रकार थे (b) कृषि वैज्ञानिक थे

(c) पारिस्थितिकी वैज्ञानिक थे (d) पक्षी वैज्ञानिक थे

उत्तर- (b) एम.एस स्वामीनाथन एक कृषि वैज्ञानिक थे इन्हें भारत में हरित क्रांति का जनक कहा जाता है

प्र. वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कहां स्थित है?

(a) नई दिल्ली (b) कोयंबटूर

(c) अहमदाबाद (d) देहरादून

उत्तर- (d) वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून में स्थित है

प्र. प्रकाश संश्लेषण के दौरान हरे पौधे निम्न में से किसे सोख लेते हैं?

(a) हीलियम (b) नाइट्रोजन

(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) ऑक्सीजन

उत्तर- (c) प्रकाश संश्लेषण के दौरान हरे पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को सोख लेते हैं तथा ऑक्सीजन गैस मुक्त करते हैं जिससे पर्यावरण शुद्ध बना रहता है

प्र. अपशिष्ट उत्पादों को खाने वाले जीवों को कहा जाता है?

(a) मृतकभक्षी (b) मांसभक्षी

(c) शाकभक्षी (d) रसायनभक्षी

उत्तर- (a) अपशिष्ट उत्पादों को खाने वाले जीवों को मृतकभक्षी कहते हैं ये जीव विषमपोषी प्रकृति के होते हैं

YouTube Tez

प्र. तप्त भौमजल से किस प्रकार की ऊर्जा प्राप्त होती है?

(a) जल विद्युत ऊर्जा (b) सौर ऊर्जा

(c) भूतापीय ऊर्जा (d) नाभिकीय ऊर्जा

उत्तर- (c) तप्त भौमजल से भूतापीय ऊर्जा प्राप्त होती है ये ऊर्जा अपारंपरिक, नवीनीकृत प्रकार का संसाधन है इस ऊर्जा से पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता है इसका उपयोग खाना बनाने, बिजली बनाने आदि में किया जाता है

प्र. शोला घास स्थल कहां पाए जाते हैं?

(a) पश्चिमी घाट (b) पूर्वी घाट

(c) हिमालय (d) विंध्याचल

उत्तर- (a) शोला घास स्थल पश्चिमी घाट में पाए जाते हैं शोला घास स्थल वनों को उष्णकटिबंधीय मोंटेन जंगलों के रूप में माना जाता है इस तरह के घास के मैदान उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं

प्र. भारत में पेलिकन पक्षी कहां प्रजनन करते हैं?

(a) नेलापट्टू (b) कून्थनकुलम

(c) कोक्कारे बेलूर (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) भारत में पेलिकन पक्षी नेलापट्टू, कून्थनकुलम, कोक्कारे बेलूर सभी जगह प्रजनन करते हैं

प्र. मीनामाता रोग ऐसी मछली खाने से होता है जिसमें अधिक मात्रा में पाया जाता है?

(a) आर्सेनिक (b) पारा

(c) कैडियम (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (b) मीनामाता रोग ऐसी मछली खाने से होता है जिसमें अधिक मात्रा में पारा पाया जाता है

प्र. ओजोन परत का अधिकतम ह्रास निम्न में से किस पर हुआ है?

(a) उत्तरी ध्रुव (b) दक्षिणी ध्रुव

(c) भूमध्य रेखा (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (b) ओजोन परत का अधिकतम ह्रास दक्षिणी ध्रुव पर हुआ है सर्वप्रथम ब्रिटिश दल ने 1985 में टोटल ओजोन मैपिंग स्पेक्ट्रोमीटर की मदद से अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन छिद्र का पता लगाया था

YouTube Top Education सब्सक्राइब करें

प्र. इनमें से कौन भारत का प्रथम मुख्य न्यायाधीश था?

(a) एम.पतंजलि शास्त्री (b) मेहर चंद्र महाजन

(c) हीरालाल जे. कानिया (d) एस.आर. दास

उत्तर- (c) सर हीरालाल जेकिसुनदास कानिया भारत के प्रथम मुख्य न्यायाधीश थे

प्र. रेड डाटा बुक किससे संबंधित है?

(a) नदियों में प्रदूषण (b) घटता भूगर्भ जल स्तर

(c) विलुप्ति के करीब जीव (d) वायु प्रदूषण

उत्तर- (c) रेडा डाटा बुक विलुप्त के करीब जीव जंतु से संबंधित है रेड डाटा बुक में विश्व के सभी संकटापन्न जीव जंतुओं का रिकॉर्ड रखा जाता है

YouTube Tez